उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कार्पोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 360–पारे0अनु0–04 / पाट्राकालि–2024–20 / 2009 टी0सी0– ।।। दिनांक 10 जून, 2024

समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर– । / ।।),
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0,
मेरठ / आगरा / झॉसी / प्रयागराज / गोरखपुर / लखनऊ।

विषयः **संघ के वार्षिक अधिवेशन–2024 एवं केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक / चुनाव हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रकरण में मुझे यह अवगत कराने का निदेश हुआ है कि विद्युत परिषद आशुलेखक संघ, उ0प्र0 के केन्द्रीय महामंत्री, लखनऊ द्वारा यह सूचित किया है कि संघ का वार्षिक अधिवेशन–2024 आगामी दिनांक 14 जून, 2024, शुक्रवार को कस्तूरबा सभागार, गांधी भवन, कैसरबाग, लखनऊ तथा केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की वार्षिक बैठक / चुनाव आगामी दिनांक 15 जून, 2024, शनिवार को 6–नवीन मार्केट, कैसरबाग, लखनऊ में आयोजित होगा। उन्होंने अनुरोध किया है कि संघ के उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आगामी दिनांक 14 एवं 15 जून, 2024 को उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं उसके अधीनस्थ विभिन्न पारेषण कार्यालयों में तैनात आशुलेखक (शिविर सहायक) / संघ के सदस्यों को "विशेष आकस्मिक अवकाश" प्रदान कर दिया जाए।

संघ के उपरोक्त आग्रह के संदर्भ में मुझे यह अवगत कराना है कि पूर्ववर्ती परिषद् के आदेश संख्या–3488बी / एसईबी / एस–17(8एच) / 78 दिनॉक 05.12.1983 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत संघ के साधारण सदस्यों को मात्र दिनांक 14 जून, 2024 एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दिनांक 14.06.2024 और 15.06.2024 (अर्थात् दो दिन) का **"विशेष आकस्मिक अवकाश"** उन्हें आवंटित कार्यों की आवश्यकता एवं आकस्मिकता को दृष्टिगत रखते हुए, सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी द्वारा (प्रारूप आवेदन–पत्र पर) स्वीकृत किया जायेगा।

अतः मुझे आपसे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी संगठन के सदस्यों, जो उक्त अधिवेशन में सम्मिलित होना चाहें, को उनके व्यक्तिगत प्रार्थना पत्र पर "विशेष आकस्मिक अवकाश" पूर्ववर्ती परिषद् के आदेश संख्या–3488बी / एसईबी / एस–17(8एच) / 78 दिनॉक 05.12.1983 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या–5948(औ0सं0)–17 / पाकालि / 03–188ए0एस0 / 96 दिनॉक 31.12.2003 सपठित कार्यालय ज्ञाप संख्या–5820 (औ0सं0)–17 / पाकालि / 03–188ए0एस0 / 96 दिनॉक 04.12.2004 में निर्धारित प्रकिया के अनुसार स्वीकृत करने तथा उन कार्मिकों की पदवार सूची, जिन्हें उक्त अवकाश स्वीकृत किया जायेगा, कारपोरेशन मुख्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सत्यार्थ गंगवार)
उप सचिव (पारेषण– ।।।)

संख्याः 360 (i)–पारे0अनु0–04 / पाट्राकालि / 2024 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन / शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ के निजी सचिव।
2. महाप्रबन्धक (औ0सं0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0।
4. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0।
5. अधिशासी अभियन्ता सम्बद्ध निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. केन्द्रीय महामंत्री, विद्युत परिषद आशुलेखक संघ, उ0प्र0 को उनके पत्र संख्या–07 / वि0प0आ0संघ / अधि0– 2024, दिनांक 05.06.2024 के संदर्भ में।

Satyarth

(सत्यार्थ गंगवार)